Rajasthan Police	AHTU – JODHPUR EAST DATE-24-04-2023 E-mail-ahtueastjdrcity@gmail.com	

प्रेस नोट

मानव तस्करी विरोधी यूनिट जिला जोधपुर पूर्व की कार्यवाहीः— बालश्रम करते हुऐ एक नाबालिग बच्चें को किया रेस्क्यु, दुकान संचालक के खिलाफ कराया प्रकरण दर्ज ।

आज दिनांक 24.04.2023 को पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा बाल श्रम उन्मूलन हेतु चलाये जाने वाले बालश्रम की रोकथाम हेतु श्रीमान डीसीपी साहब पूर्व जोधपुर डॉ. अमृता दुहन के आदेशानुसार व श्रीमान निशान्त भारद्वाज अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विशेष महिला अनुसंधान सैल जोधपुर पूर्व के सुपरविजन में जिले में नाबालिग बच्चो से कराये जा रहे बालश्रम की रोकथाम की कार्यवाही में आज मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व टीम द्वारा कार्यवाही करते हुऐ आज रामदेव डोसा कॉर्नर शिवम हास्पीटल के पास भास्कर चौराया रातानाडा जोधपुर की दुकान पर एक नाबालिग बालक से बालश्रम करवाने वाले दुकान संचालक के खिलाफ थाना रातानाडा पर प्रकरण दर्ज करवाया गया तथा एक नाबालिग बच्चें को संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति जोधपुर के समक्ष पेश किया जाकर बाल किशोर गृह मे अस्थाई दाखिला करवाया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरणः—

आज दिनांक 24.04.2023 को जरिये खास मुखबीर की इत्तला पर मानव तस्करी यूनिट को मिली इत्तला पर उच्च अफसरान को अवगत करवाते हुऐ बालश्रम के विरूद्व कार्यवाही करते हुऐ रामदेव डोसा कॉर्नर शिवम हास्पीटल के पास भास्कर चौराया रातानाडा जोधपुर की दुकान पर एक नाबालिग बालक जो दुकान मे काम कर रहा है, जिसमें पूछताछ पर बताया कि दुकान मालिक श्री कानाराम द्वारा 13—14 घण्टा तक दुकान पर बालश्रम करवाया जाता है।

दुकान मालिक श्री कानाराम द्वारा अपनी निकट निगरानी में दुकान पर सुबह 8 बजे से रात्री दस बजे तक दुकान में फास्ट फुड, डोसा के झुठे बर्तन धोना, ग्राहको को फास्ट फुड, डोसा देना, दुकान की साफ सफाई करना इत्यादि काम करवाया जाता है। इस पर उक्त नाबालिग बालक को पुलिस संरक्षण में लिया जाकर थाना रातानाडा पर दुकान संचालक श्री कानाराम के विरूद्व जे जे एक्ट व बालश्रम प्रतिक्षेध अधिनियम मे प्रकरण दर्ज करवाया गया।

पुलिस टीमः—

1. मन सुभाषचन्द्र विश्नोई नि.पु. प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट़ जोधपुर पूर्व
2. श्री गिरधारीसिंह हैड.कानि. 429 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व
3. श्री रामपाल कानि 932 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व
4. श्री सुमेरसिंह कानि 3040 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व
5. श्री कन्हैयालाल कानि 1940 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व
6. श्रीमति बेबी मं.कानि 196 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व
7. उषा मं.कानि. 2804 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व
8. श्री महेन्द्रसिह कानि ड्रा. 45 मानव तस्करी विरोधी यूनिट जोधपुर पूर्व

भवदीय
सही/—
प्रभारी
मानव तस्करी विरोधी यूनिट,
जोधपुर पूर्व